जबसे देखा तुम्हे | By Mukesh Bagda

जबसे देखा तुम्हे जाने क्या हो गया
ऐ खाटूवाले श्याम मैं तेरा हो गया

तू दाता है तेरा पुजारी हूँ मैं
तेरे दर का बाबा भिखारी हूँ मैं
तेरी चौखट पे दिल ये मेरा खो गया
ऐ खाटूवाले श्याम मैं तेरा हो गया

जबसे मुझको तेरी श्याम भक्ति मिली
मेरे मुरझाये मन में ये कलियाँ खिली
जो ना सोचा कभी था वही हो गया
ऐ खाटूवाले श्याम मैं तेरा हो गया

तेरे दरबार की वो अजब शान है
जो भी देखे वही तुझपे क़ुर्बान है
तेरी भक्ति का मुझको नशा हो गया
ऐ खाटूवाले श्याम मैं तेरा हो गया

शर्मा जब तेरी झांकी का दर्शन किया
तेरे चरणों में तन मन ये अर्पण किया
इक दफा खाटू नगरी में जो भी गया
ऐ खाटूवाले श्याम वो तेरा हो गया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%ac%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%96%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a5%8d%e0%a4%b9%e0%a5%87-by-mukesh-bagda/